चिल्ड्रन्स जू, अड्यार, गुइनडी, मद्रास 600022 ।

कुरुम्बापाट्टी जू, सेलम 636001 अमृतो मिनि जू, वेल्लोर 632001 ।

डीयर पार्क, साउथ लेक रोड, उधागामानदालम्, नीलगिरी 643001 ।

मण्डापम् एक्वेरियम, मण्डापम्म कैम्प, जिला रामनद 623518 ।

मैरीन बीच एक्वेरियम, चेपक, मद्रास 600005 ।

26. त्रिपुरा :

सिपाहीजाला जू, द्वारा डी. एफ. ओ. रिसर्च डिवीजन, शिबनगर, अगरतला 799001 ।

27. उत्तर प्रदेश :

नैनीताल, जू, नैनीताल 263001 । कानपुर जूलाजीकल पार्क, एल्लेन फारेस्ट, कानपुर 208002 ।

सारनाथ डीयर पार्क, सारनाथ वाराणसी 221007 ।

डीयर पार्क, खतौली 251201 ।

मालसी डीयर पार्क, देहरादून 248001 ।

डीयर पार्क, अल्मोड़ा 263601 ।

डीयर पार्क, पिथौरागढ़ जिला 262501 ।

कुकरेल क्रोकोडाइल रिसर्च सेंटर, कुकरेल लखनऊ
कटेरनिया घाट क्रोकोडाइल पालन सेंटर, कटेरनिया घाट 271833 ।

मस्क डीयर ब्रीडिंग सेंटर, चमोली, कांचुला खारक 246424 ।

28. पश्चिम बंगाल :

अलीपुर जूलाजीकल गार्डन्स, कलकत्ता 700027 ।

पद्मजा नायडू हिमालयन जूलाजीकल पीर्क, दार्जिलिंग 734101 ।

अलीपुर जू एक्वेरियम, अलीपुर, कलकत्ता 700027 ।

बन्दरों, नीलगायों और भालुओं द्वारा फसलों को नष्ट किये जाने संबंधी शिकायतें

234. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को राज्यों में बन्दरों, नीलगायों और भालुओं इत्यादि द्वारा फसलों को नष्ट किये जाने संबंधी कोई शिकायतें मिली हैं; और

(ख) यदि हां, तो इन पशुओं से फसलों को बचाने के संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) जी, हां । कुछ राज्यों से इस तरह की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ।

(ख) राज्य-सरकारों को यह स्पष्ट कर दिया गया है कि वन्यजीव (सुरक्षा) अधिनियम की धारा 11(1) (ख) के उपबंधों के अनुसार, यदि कोई मुख्य वन्यजीव वार्डन अथवा प्राधिकृत अधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि अनुसूची 2, 3 (जिसमें नीलगाय भी शामिल है) और 4 में सूचीबद्ध कोई भी जीव मनुष्य के जीवन और संपत्ति (किसी भूमि पर खड़ी फसल सहित) के लिए खतरनाक हो गया है तो वह इसके कारण स्पष्ट करते हुए लिखित आदेश द्वारा किसी व्यक्ति को ऐसे जीवों का शिकार करने की अनुमति दे सकते हैं अथवा ऐसे जीवों का शिकार करवा सकते हैं । राज्य-सरकारों को सलाह दी गई है कि वे समस्याओं के उत्पन्न होने पर तदनुसार उनसे निपटें ।